# एग्रोविजन प्रदर्शनी के लिए आयेंगे प्रधानमंत्री

**मध्य भारत की सबसे बड़ी कृषि प्रदर्शनी का आगामी 10वां एग्रोविजन 23 से 26 नवंबर को रेशमबाग मैदान पर किया जानेवाला है. इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया जा रहा है.**

## एग्रोविजन कृषि प्रदर्शनी का आयोजन 23 नवंबर से




नागपुर, राप्र संवादक

यह जानकारी केंद्रीय मंत्री व इस प्रदर्शनी के प्रवर्तक नितिन गडकरी ने संवाददाता सम्मेलन में दी. इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों होगा. परंतु, इस बार की प्रदर्शनी दशकपूर्ति प्रदर्शनी होने से इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया जाएगा.

गत वर्ष उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को आमंत्रित किया गया था. इस बार प्रधानमंत्री को बुलाने पर विचार किया जा रहा है. विदर्भ के किसानों को शिक्षित, प्रोत्साहित व सबल बनाने के लिए विगत 9 वर्षों से यह प्रदर्शनी आयोजित की जाती है. इस वर्ष प्रदर्शनी में 25 से अधिक विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी. देश भर से विशेषज्ञ किसानों का मार्गदर्शन करेंगे. साथ ही विदर्भ के सफल किसानों की गौरव गाथा से प्रेरणा लेने का अवसर भी युवा किसानों को मिलेगा. नई फसल, पानी व्यवस्था, नये-नये व्यवसाय, आधुनिक तंत्रज्ञान का इस कार्यशाला में समावेश होगा. इसके अलावा अन्य 5 विषयों पर विस्तृत कार्यशाला आयोजित होगी.

इस वर्ष विदर्भ के कृषि व्यवसाय के लिए दुग्ध व्यवसाय, मत्स्यव्यवसाय, मुर्गीपालन व बांस की खेती व व्यवसाय पर एक दिवसीय परिषद का भी आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा भव्य राष्ट्रीय कृषि प्रदर्शनी, भव्य पशु प्रदर्शनी, एग्राविजन कृषि मंथन, इनोवेशन, स्टार्ट अप प्रदर्शनी, पुरस्कार आदि का आयोजन करने की जानकारी गडकरी ने दी. संवाददाता सम्मेलन में सांसद कृपाल तुमाने, सी.डी. मायी, विधायक डी.एम. रेड्डी, जिला परिषद अध्यक्ष निशा सावरकर, पूर्व सांसद खुशाल बोपचे, पूर्व विधायक आशीष जैसवाल, अशोक मानकर, रवि बोरटकर सहित अन्य उपस्थित थे.